## 18 - अनुच्छेद - लेखन (जल ही जीवन है)

जल ही जीवन है। पेड़-पौधे, पशु-पशु जीव-जंतु और मनुष्य सभी को जल की आवश्यता होती है। जल प्रकृति की सबसे अनमोल देन है। हमें न केवल पीने के लिए अपितु हमारे कई दैनिक कार्यों में जल की आवश्यकता होती है। हम जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। पानी हमारे लिए कितना जरूरी है यह जानने के बावजूद भी हम पानी की बर्बादी करते हैं। जल-प्रदूषण की समस्या भी बढ़ती जा रही है। यदि हमने जल-संरक्षण यानि पानी की बचत नहीं की तो आने वाले समय में इसके भीषण परिणाम झेलने पड़ेंगे।

आइए, जल का महत्व समझें और इसे बचाने के प्रयास में जुटें, क्योंकि —

जल ही जीवन है।